दैनिक

राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, झांसी, एटा,औरैया, अमेठी,बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 8 अंक : 77 | लखनऊ, शुक्रवार 5 अक्टूबर , 2018 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

निकाली गयी स्वच्छता अभियान व पालीथीन थैले बंद की जागरूकता रैली

राष्ट्रीय प्रस्तावना

लखनऊ। स्वच्छता अभियान व पालीथीन/प्लास्टिक थैले बंद की जागरूकता रैली का आयोजन ''सोल फाउंडेशन, स्प्रिंगग्रीन अपार्ट्मेंट, फैजाबाद रोड, लखनऊ'' व विराम खण्ड-5, गोमती नगर जनकल्याण समिति, गोमती नगर, लखनऊ'' के तत्वाधान में आयोजित की गयी। इसका नेतृत्व पर्यावरणविद डॉ0 भरत राज सिंह, महानिदेशक, एस0एम0एस0 व श्री अनुभव श्रीवास्तव, प्रबन्ध निदेशक, सोल फाउंडेशन, उनके सहयोगीगण तथा श्री आर.एस.मिश्रा, सचिव, विराम खण्ड-5, गोमती जनकल्याण समिति, श्री जी.के. शाह व राकेश निगम ने किया। इस अभियान में लगभग 50 से अधिक लोगो ने बढ़-चढ़ कर भाग लिये तथा जनता में स्वच्छता व पालीथीन थैले बंद करने के प्रति अलख जागने हेतु प्रेरित किया।

सभी ने स्लोगन भी दिया-

पालीथीन हटाओ धरती बचाओ। पालीथीन हटाओ पर्यावरण बचाओ।।

सब्जी बाजार में लगभग 125-कपड़े व जूट के थैले बाटे गये और उनमें इसके उपयोग के फायदे को जनता में फैलाने की प्रेरणा दी गई।